(घ) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकारें मिट्टी और राख मिश्रित सीमेंट के व्यापार को रोकने में असफल रही है ; और

(ङ) क्या केन्द्रीय सरकार को इस बात की जानकारी है कि उत्तर प्रदेश के आगरा, कानपुर, गाजियाबाद और फिरोजाबाद स्थित कारखानों में अभी भी नकली सीमेंट का उत्पादन किया जा रहा है ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम): (क) और (ख) राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार के राज्यों में नकली सीमेंट बनाने और बेचनें के बारे में कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

(ग) और (घ) सरकार ने उपभोक्ताओं की रक्षा हेतु कई महत्वपूर्ण उपाय किए हैं। अच्छी किस्म के सीमेंट का उत्पादन और विक्रय सुनिश्चित करने हेतु वर्ष 1983 में सीमेंट (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 1962, संशोधित किया था। इस संशोधन के परिणामस्वरूप सीमेंट पर ब्यूरो आफ इंडियन स्टेन्डर्ड (पूववर्ती आई० एस० आई०) का मानक चिन्ह लगाना 1-7-83 से अनिवार्य हो गया है तदनुसार सभी सीमेंट बनाने वालों के लिए यह आवश्यक हो गया है कि वे सीमेंट पर ब्यूरो का चिन्ह मानक लगाने हेतु बी० आई० एस० से लाइसेंस ले लें। बी० आइ० एस० मानकों को पूरा न करने वाले सीमेंट उत्पादकों के विरुद्ध ब्यूरो आफ इंडियन स्टैन्डर्डस उचित कार्यवाही करता है।

(ङ) प्रश्न ही नहीं उठता।

बम्बई में मांग करने पर टेलीफोन कनेक्शन

1456. **श्री राम सिंह भाई पांतलोया भाई राठवा** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने हाल ही में बंबई में यह घोषणा की है कि 1990 तक पश्चिमी बंबई के उपनगर में मांग किये जाने पर टेलीफोन कनेक्शन सुलभ करना संभव हो जाएगा ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;?

ऊर्जा मंत्री और संचार मंत्री (श्री वसंत साठे) :(क) और (ख) जी नहीं। हाल ही में यह घोषणा की गई थी कि बम्बई में टेलीफोन कनेक्शनों के लिए सितम्बर, 1986 तक पंजीकृत आवेदकों को बंबई के लगभग सभी एक्सचैंजों में 1990 तक टेलीफोन कनेक्शन सुलभ करा दिए जायेंगे।

Tyre production

1457. SHRI CHIMANBHAI MEHTA:
SHRI JITENDRABHAI LABHSHANKER BHATT:

Will the Minister of INDUSTRY be pleased to Btate:

(a) what is the production of various types of tyres i. e. Tor bus, trucks, cars and scooters;

(b) what is the percentage of ex~ cise duty and Bales tax in the total price of one truck and car tyre;

(c) what is the exciite collection from the tyre industry during the last three years; and

(d) whether the entire installed I capacity of tyre industry is operat ing, if so, what are the details thereof, whether there is any short age of raw materials, electricity etc - being felt by the tyre manufacturing industry?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT IN THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRJ M. ARUNACHALAM): (a) The figures of production of various